प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. विधानमंडल के मॉनसून सत्र में आज शुरू हुई लगातार 24 घंटे तक चलने वाली विजन डॉक्यूमेंट–2047 पर चर्चा : संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा– विकसित भारत बनाने में अहम भूमिका निभायेगा उत्तर प्रदेश।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर घर तिरंगा अभियान के तीसरे चरण का किया शुभारंभ : तिरंगा यात्रा में शामिल होकर लोगों से की अभियान से जुड़ने की अपील।
3. प्रदेश के 33 ग्राम प्रधान, 14 लखपति दीदियां और 178 श्रमिक नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि होंगे शामिल। और
4. राजस्थान के दौसा में हुए भीषण सड़क हादसे में एटा के 11 लोगों की मौत : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनां को 2–2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने के दिए निर्देश।

——————————

विधानमंडल के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन आज विधानसभा में विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश के विजन 2047 पर चर्चा शुरू हुई। 24 घंटे तक चलने वाली चर्चा के दौरान सरकार के वरिष्ठ मंत्री प्रदेश की आर्थिक प्रगति, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी

ढांच के विकास पर भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस चर्चा का प्रस्ताव सदन में पेश किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट....

*यह सदन प्रस्ताव करता है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश को दो हज़ार सैंतालीस तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प दिया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के इस आह्वान पर जहां भारत सरकार तेजी के साथ कार्य करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में इस संकल्प को सफल बनाने के लिए समेकित प्रयास कर रही है। वहीं देश के सबसे बड़े राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है।*

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक न कहा कि आज प्रदेश गेहूं, दुग्ध और चीनी उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेस–वे हैं, सभी जिलों को फोर–लेन सड़कों से जोड़ा गया है और बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं समेत सभी क्षेत्रों में सुधार हुआ है।

श्री पाठक ने कहा कि 2047 तक टीबी, मलेरिया और जल जनित रोगों का पूर्णउन्मूलन करने का सरकार का लक्ष्य है। बाइट.....

*हमें दो हज़ार सैंतालीस तक डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर और अन्य संक्रामक रोगों के बोझ को कम करके देश के शीर्ष पांच राज्यों में स्थान प्राप्त करना होगा। इसके लिए न केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रारंभिक जांच स्क्रीनिंग ट्रीटमेंट को बढ़ाना होगा बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन शैली*

*अपनाने हेतु प्रेरित करना होगा और नशामुक्त धूम्रपान को हस्तोत्साहित करने हेतु बेहतर प्रयास करना होगा।*

विधान परिषद में आज शिक्षक दल ने अशासकीय सहयता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की समस्याओं के मुद्दे पर सदन से वाक आउट किया। समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का मामला उठाया। इसके साथ ही विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, विषय पर सदन में 24 घण्टे की चर्चा कल तक जारी रहेगी।

——————————

विधानसभा में आज बांके बिहारी मंदिर न्यास विधेयक भी पेश किया गया। विधेयक में स्पष्ट किया गया है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल–अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। न्यास में 11 मनोनीत और 7 पदेन सदस्य होंगे। मनोनीत सदस्यों में विभिन्न परम्पराओं के साधु संत और पदेन सदस्यों में मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदि प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में हर घर तिरंगा अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया और तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने

कहा कि 140 करोड़ भारतवासी हर घर पर तिरंगा लगाकर देश की आजादी के समारोह में भागीदार बनें। बाइट....

*यह तिरंगा यात्रा मात्र यात्रा नहीं है यह भारत माता के प्रति भारतीय महापुरुषों के प्रति अपने क्रांतिकारियों के प्रति वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृ तज्ञता भी है। आज हम उत्तर प्रदेश के अंदर हर घर तिरंगा के इस कार्यक्रम के साथ जुड़ रहे हैं। हर भारतीय के घर में भारत के आनपान और शान के प्रति यह तिरंगा लहराया जाना चाहिए।*

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के.शर्मा के नेतृत्व में आज लखनऊ में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव का प्रतीक है। लखनऊ स्थित इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि इन आयोजनों का उद्‌देश्य बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझाना है। बाइट... *इसका मकसद ये है की बच्चों के अंदर अपने नेशनल फ्लैग से रिलेटेड मालूमात इंफॉर्मेशन और उनके दिलों में उसकी रिस्पेक्ट पैदा हो और बच्चों को इस बात का इल्म हो सके की हमें अपने नेशनल फ्लैग की किस तरीके से हिफाजत और उसका एहतराम करना है।*

---

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बर्ड फ्लू के संभावित खतरे की आशंका के मद्देनज़र आज संबंधित विभागों को त्वरित और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो–आश्रय स्थलों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने को कहा है। साथ ही प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज करने, सभी वन्य जीवों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा के लक्षण, संक्रमण के तरीके और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी जाए। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप कड़ी निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर निरंतर नियंत्रण रखा जाए। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

15 अगस्त को नई दिल्ली में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के 33 ग्राम प्रधान, 14 लखपति दीदियां और 178 श्रमिकों समेत कई अन्य लोग भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ से इन लखपति दीदियों के दल को

नई दिल्ली के लिए रवाना किया। इनमें फ़तेहपुर जिले की राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी लक्ष्मी देवी भी शामिल हैं जो समारोह में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित हैं। बाइट.....

*मुझे भारत सरकार के द्वारा दिल्ली जाने का मौका मिला। पंद्रह अगस्त में प्रधानमंत्री जी से मिलने का मौका मिल रहा है। सौभाग्य की बात है की मैं आज आजीविका मिशन ऐसी जुड़ के इतने आगे जा रही हूँ। मुझे खुशी होती है की मुझे समूह ऐसी जुड़ के बहुत अच्छा लगा।*

जौनपुर के सामाजिक कार्यकर्ता शुभलाल सरोज को भी लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेने का निमंत्रण पत्र मिला है। श्री सरोज खुद दिव्यांग हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से प्रेरणा लेते हुए दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान से संबंधित सुझाव लगातार भारत सरकार का भेजते रहे हैं। बाइट.....

*प्रेरणा लेकर उनकी मन की बात को मैंने जो है भारत सरकार को अवगत कराता रहा।उसको सरकार ने सुझाव के रूप में स्वीकार करते रहे और लागू भी करते थे और पत्र भी हमें मिलता था। तो उसी माध्यम ऐसी हम करते करते आज यहाँ तक पहुँचे। माननीय प्रधानमंत्री जी का मैं तय दिल ऐसी धन्यवाद देता हूँ।*

---

राजस्थान के दौसा में हुए भीषण सड़क हादसे में एटा के 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 7 लोग घायल हो गए। मृतकों में 7 बच्चे और 4 महिलाएं शामिल हैं। आज सुबह खाटूश्याम से दर्शन करके लौटते वक्त इनका वाहन एक ट्रक से टकरा गया, जिसके कारण यह हादसा

हुआ। घायलों को जयपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख और घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देन के निर्देश दिये हैं।

——————————

18 वी एशियन विमेन जूनियर हैंडबॉल चंपियनशिप 20से 29 अगस्त तक उज्बेकिस्तान में खेली जाएगी। इस चंपियनशिप में वाराणसी की नैना यादव भी भारतीय टीम के सदस्य के रूप में प्रतिभाग करेंगी।

——————————

प्रदेश में रुक रुक कर जारी बारिश से राज्य के 21 ज़िले बाढ़की चपेट में हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद, बलिया में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सरकार की ओर से राहत औऱ बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। मौसम विभाग ने कल राज्य के पश्चिमी जनपदों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)